UK Health Security Agency

NHS

# उन महिलाओं के लिए मार्गदर्शिका जो शायद गर्भवती हो सकती हैं, गर्भवती हैं या अपने संतान को अपना दूध पिला रही हैं

easy read

कोरोनावायरस वैक्सीन को कई बार परखा गया है ताकि निश्चित किया जा सके कि वह सुरक्षित है।




यदि आप गर्भवती हैं, तो अपनी और अपने बच्चे की रक्षा करने के लिए आपको कोरोनावायरस वैक्सीन की दो खुराक लेनी चाहिए। वैक्सीनें आपको या आपके अजन्मे बच्चे को कोरोनावायरस संक्रमण नहीं दे सकतीं।



कोरोनावायरस वैक्सीन दो टीकों द्वारा दी जाती है। यदि आपने पहला टीका गर्भवती होने से पहले लगवाया था, तो आप दूसरा टीका लगवा सकती हैं, बशर्ते आपको पहले टीके से कोई गंभीर दुष्प्रभाव न हुआ हो।




गर्भवती महिलाओं के लिए Pfizer और Moderna कोरोनावायरस वैक्सीनों को प्रथमिकता दी जाती है। यदि आपने अपना पहला टीका Astrazeneca का लगवाया है, तो आप अपने दूसरे टीके के लिए यह ले सकती हैं, लेकिन उससे पहले रक्त के थक्कों के जोखिम के बारे में अपने डॉक्टर या नर्स से बात करें।



संतान को अपना दूध पिलाना आपके और आपके शिशु के लिए बहुत अच्छा है।



टीकाकरण और प्रतिरक्षण पर संयुक्त समिति (Joint Committee on Vaccination and Immunisation - JCVI) के विशेषज्ञों का कहना है कि आप स्तनपान के दौरान वैक्सीन लगवा सकती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) भी इस बात से सहमत है कि संतान को अपना दूध पिलाने वाली महिलाएं वैक्सीन लगवा सकती हैं।



यदि आपने बच्चे को जन्म दिया है तो आपको जितनी जल्दी संभव हो सके अपनी वैक्सीनें लेनी चाहिएं।



वैक्सीन लगवाने के बाद गर्भवती होना आपके लिए सुरक्षित है।



टीकाकरण, सबसे दुर्बल लोगों की रक्षा करने में मदद करना।

© क्राउन कॉपीराइट 2021 प्रोडक्ट कोड: COV2021374V4ERHI Hindi 1p 5K AUG 2021 (APS). यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी 2021530.

इन लीफलेटों के अन्य संस्करण ब्रेल, बीएसएल में उपलब्ध हैं और इनका कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। उनका ऑर्डर करने या उन्हें डाउनलोड करने के लिए कृपया हेल्थ पब्लिकेशन्ज़ पर जाएं: www.healthpublications.gov.uk